अति–आवश्यक

राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लॉट नं 6–7, एवरेस्ट कॉलोनी, अपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, टोंक रोड., जयपुर–302015
फोन : 0141–4004914 **Website:** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– प. 13 ( )/काउ.(सत्र 2020–21)/रा.पै.मेडि.कौं/2022/1038 **दिनांकः**– 10/01/2022

प्रधानाचार्य,
संबंद्ध समस्त पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थान,
राजस्थान।

विषयः– प्रशिक्षण सत्र 2020–21 में विभिन्न पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में तीन चरणों की काउन्सलिंग के पश्चात् रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के संबंध में जारी दिशा–निर्देश।

सन्दर्भः– इस कार्यालय के पत्रांक 168 दिनांक 31.12.2021 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल के पत्र क्रमांक 168 दिनांक 31.12.2021 के द्वारा जारी दिशा–निर्देश में अंकित बिन्दु संख्या 02 के अनुसार महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा अभ्यर्थियों के द्वारा सत्र 2020–21 में ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया था, ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में पुनः आवेदन शुल्क भुगतान की आवश्यकता नहीं है। ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी के पूर्व में भरे गये आवेदन में दिये गये Application ID एवं Transaction ID संख्या (उदाहरण RPC-191XXXXX And XXXXXXXX) उपयोग करते हुए संबंधित महाविद्यालय/संस्थान की SSO ID के माध्यम से Web Form पर अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में दिये गये तथ्यों/दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मिलान किया जावेगा।

इसके अतिरिक्त अन्य सभी अभ्यर्थी, जिन्होंने महाविद्यालय/संस्थान में ऑन–लाईन/ई–मेल/अन्य किसी माध्यम से आवेदन किया है, से नियमानुसार निर्धारित आवेदन शुल्क **सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 1500/– (अक्षरे रूपये एक हजार पांच सो मात्र) आवेदन शुल्क तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को 1000/– (अक्षरे रूपये एक हजार मात्र)** प्राप्त करके समस्त दस्तावेजों की जांच के पश्चात् दिनांक 11.01.2022 से दिनांक 14.01.2022 को सांय 06.00 बजे तक महाविद्यालय/संस्थान **Google Form Link** के माध्यम से ऑन–लाईन जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

(कैलाश नारायण मीना)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकः– प. 13 ( )/काउ.(सत्र 2020–21)/रा.पै.मेडि.कौं/2022/1038 **दिनांकः**– 10/01/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. श्रीमान् निदेशक (तकनीकी), राजकोम्प (R.I.S.L.), जयपुर को भेजकर लेख है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में ऑन लाईन आवेदन हेतु आवेदन शुल्क राशि जमा नहीं कराई थी, उन अभ्यर्थियों के आवेदन शुल्क कौंसिल के खाते में महाविद्यालय/संस्थान द्वारा **Google Form Link** के माध्यम से जमा करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करवावें।
3. सर्वररूम प्रभारी, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर को भेजकर लेख है कि आज ही वैबसाईट पर अपलोड करें।
4. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार